KUMAUN GARHWAL
CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY
UTTARAKHAND

CHAMBER HOUSE, INDUSTRIAL ESTATE, BAZPUR ROAD, KASHIPUR, DISTT. U. S. NAGAR (UTTARAKHAND)
Phone : (05947) 262478, Fax : (05947) 262078, E-mail : kgcci10@gmail.com, Website : www.kgcci.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनाँक: 09.10.2025**

कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (केजीसीसीआई) के नितर्वमान अध्यक्ष, श्री अशोक बंसल द्वारा अवगत कराया गया कि फेडरेशन ऑफ इण्डियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाईजेशन द्वारा ईसीजीसी लिमिटेड एवं कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सहयोग से दिनाँक 08 अक्टूबर, 2025 को देर रात होटल रूद्रा कॉन्टीनेन्टल, रूद्रपुर में एक “एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव” का आयोजन किया गया।

श्री अशोक बंसल ने अवगत कराया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के निर्यातकों को वैश्विक व्यापार के अवसरों, वित्तीय जोखिम कवरेज, सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं एवं निर्यात संवर्धन के उपायों की जानकारी प्रदान करक्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री आशीष जैन, उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (उत्तर), एफआईईओ के उद्‌घाटन संबोधन से हुआ। उन्होंने एफआईईओ की भूमिका और निर्यातकों के सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि फेडरेशन ऑफ इण्डियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाईजेशन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्थापित एक शीर्ष व्यापार संवर्धन संस्था है, जो भारत के निर्यातकों के हितों का प्रतिनिधित्व करती है। यह संस्था सरकार और निर्यातक समुदाय के बीच सेतु के रूप में कार्य करते हुए नीतिगत सुझाव, बाजार संपर्क और निर्यात संवर्धन गतिविधियों को आगे बढ़ाती है।

इस अवसर पर श्री अनुप कुमार सिंह, जोनल चेयरमैन, सिडकुल पंतनगर एवं केजीसीसीआई ने कहा कि उत्तराखण्ड एक मैन्युफैक्चरिंग हब है तथा यहाँ से निर्यात की अपार सम्भावनएं हैं। उन्होंने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक्स, वित्तीय सहयोग और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में संपर्क को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।

ईसीजीसी लिमिटेड के शाखा प्रबंधक श्री संदीप व्यास ने ईसीजीसी की सेवाओं और निर्यात ऋण बीमा एवं जोखिम प्रबंधन योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

जिला उद्योग केंद्र, ऊधम सिंह नगर के महाप्रबन्धक, श्री विपिन कुमार ने निर्यात संवर्धन हेतु सरकारी योजनाओं एवं स्थानीय उद्योगों के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में अवगत कराया।

इस अवसर पर श्री आशीष जैन ने कहा कि “रुद्रपुर में आयोजित यह एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव एफआईईओ की क्षेत्रीय निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे मंच निर्यातकों को संस्थागत सहायता, नीतिगत जानकारी और नए वैश्विक अवसरों तक पहुँच प्रदान करते हैं।”

कार्यक्रम में उद्योग, सरकार और वित्तीय संस्थानों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया गया जिससे उत्तराखण्ड के उभरते औद्योगिक क्षेत्रों- ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून इत्यादि में निर्यात के विकास को नई दिशा मिलेगी।

प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की सूचनाप्रद एवं संवादात्मक प्रकृति की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के निर्यातकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

इस अवसर पर श्री निशान्त कात्यायन, श्री नरेश घई, संजय कुमार अदलखा, श्री संजय कुमार सिंह, श्री मान सिह, श्री अंशु मित्तल, श्री प्रवीण कुमार पंवार, श्री पवन कुमार, सचिन टिबरेवाल, विदुषी सैनी, फरहान सिद्दीकी, राधिका माहेश्वरी, पूजा सिंह, नवीन छाबड़ा, ज्ञान सलेम, डा0 रविन्द्र कुमार, चरनजीत सिंह, यश अग्रवाल, मो0 अतीफ खान, शिवांश गुप्ता, दीपक गिरधर, मेराज अहमद, अवनेश कुमार, मो0 उमर, दीपक गोयल, नमन अग्रवाल, गुरतेज सिंह, दीपक जोशी, आशीष जेन, सुशांत नारंग, वीरेन्द्र सिंह, कुशाग्र सिंह, रक्षित अग्रवाल, हेमंत सिंह बजेठा, उत्सव अग्रवाल, सिद्धार्थ सिंह, आलोक कुमार, रामेन्द्र पाण्डे, धीरज कुमार सिन्हा, राहुल कंसल, अनुपम अवस्थी, विष्णु प्रकाश आदि विभिन्न सदस्य उपस्थित थे।

**पवन अग्रवाल**
**अध्यक्ष**